Amar Ujala	Page No:	6	Type:	Newspaper
	Page Name:	Delhi	Language:	Hindi
	Size:	40 sq. cm	Circulation:	206,433
Delhi - Aug 13, 2018	AVE:	INR 76,199	Frequency:	Daily

News monitored for: MRC

Title: Divyang students get job with help of IRCON

इरकॉन की सहायता से दिव्यांग छात्रों को मिली नौकरी

नई दिल्ली। इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की सीएसआर पहल 'प्रोजेक्ट मनोबल' के अंतर्गत, महाराष्ट्र के जलगांव जिले के आठ दिव्यांग छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। ये छात्र एमपीएसी, एमएसआरटीसी, सीडीपीओ और बीएमसी की परीक्षाओं में सफल हुए हैं। प्रोजेक्ट मनोबल कार्यक्रम इरकॉन द्वारा छह महीने पहले शुरू किया गया था। इसका मकसद जलगांव जिले में गरीब परिवारों से आने वाले दिव्यांग छात्रों को यूपीएससी, एसएससी, एमपीएससी, बैंकिंग तथा रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है।

© Amar Ujala